Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to include other eligible families in Ayushman Bharat Yojna which uptill now out of purview of this scheme.

श्री प्रदीप कुमार चौधरी (कैराना): अध्यक्ष महोदय**,** देश के गरीब परिवारों को इलाज कराने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था**,** जिसको देश के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय मोदी जी ने बहुत अच्छे से समझा और उक्त ऐसे परिवारों के लिए एक ऐतिहासिक आयुष्मान भारत योजना को लागू किया है। वर्ष 2011 की सूची के गरीब परिवारों को इस योजना का लाभ मिला**,** जिसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं**,** उनको धन्यवाद देता हूं।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत चिह्नित परिवारों के अलावा, ऐसे पात्र परिवार, जो इस योजना से वंचित रह गये हैं, ऐसे परिवारों का भी सर्वे कराकर उनको इस लाभदायक योजना में शामिल किया जाए।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री प्रदीप कुमार चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।